बोरा इंस्टीट्यूट ने शुरू किया जागरूकता अभियान

22/03/2017 19:17

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व सोच संस्था मिलकर 5 दिवसीय कार्यक्रम कर रहा है। पांच दिवसीय जागरुकता अभियान के कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार 20 मार्च से हो चुकी है जो 24 मार्च तक चलेगा।

सोमवार को इस कार्यक्रम का पहला दिन था जहां बोरा इंस्टीट्यूट के छात्रों ने भारी संख्या में भाग लिया है। कार्यक्रम के पहले दिन बोरा इंस्टीट्यूट के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रश्मि पाण्डेय व सच्चिदानंद सिंह के दिशा निर्देश में कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम में संस्था की डायरेक्टर सलोनी बोरा भी मौज़ूदथी।

सोमवार को जागरूकता अभियान में स्वच्छ अभियान पर चर्चा हुई

बोरा इंस्टीट्यूट में सोमवार को कार्यक्रम के पहले दिन देश में स्वच्छता के मुद्दे को लेकर युवाओं को जागरूक किया गया। बोरा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर ने बताया कि

स्वच्छ भारत अभियान को स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान भी कहा जाता है। यह एक राष्ट्रीय अभियान है और भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है, इस अभियान में शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, गलियों व सड़कों की सफाई, देश के बुनियादी ढांचे को बदलना आदि शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने आगे बताया कि हमारे यहां के छात्र गांवों में जाकर लोगों को स्वच्छता अभियान पर बताते हैं और लोगों को इस खास मुद्दे पर सर्तक रहने के लिए जागरूक करते हैं।

मंगलवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के थीम को लेकर किया जागरूक

संस्था में मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के विषय पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा बोरा इंस्टीट्यूट के छात्रों के माध्यम से सैकड़ों गांवों में जाकर महिलाओं व बेटियों को इस विषय को लेकर उनको जागरूक कर रहें है तथा यह प्रयास सतत चलता रहेगा।

हम सब ने यह ठाना है।
भारत को स्वच्छ बनाना है॥

स्वच्छ भारत
उज्जवल भारत

Link- https://goo.gl/SC5yM1

Link- https://goo.gl/SC5yM1